Himachal Pradesh Civil Judge (Mains) 2015

Paper IV · English · compulsory paper

Himachal Pradesh Judicial Service (Main) Examination 2015 · 3 hours · 150 marks

1. Write an essay on any one of the following topics (100 marks)

(a) Population Bomb : A curse.
(b) River Linking : A necessity.
(c) Drama of 'Dates' and 'Adjourn' in Courts : A space for wrong doers.
(d) Terrorism : A threat to humanity.

2(a) Translate the following into English (30 marks)

गीता को कहते हैं कि स्वयं भगवान के मुख से निकली वाणी है। यह सत्य इसलिए है कि उसमें न तो प्रवचन है, न कोई उदाहरण है, न कोई मनोरंजक कहानियाँ। उसमें जीवन से जुड़े प्रश्नों के सीधे एवं सटीक उत्तर हैं। जो स्वयं भगवान ने जिन्दगी के अनुभवों से सीखकर बताए हैं। वह ज्ञान विश्व के प्राचीनतम एवं महानतम ग्रन्थों–वेदों व उपनिषदों के ज्ञान पर आधारित है। यह समझना आवश्यक है कि गीता किसी धर्म से जुड़ा हुआ ग्रंथ नहीं है। वह सिर्फ भारतीय दर्शन की व्याख्या करती है। आज भारतीय संदर्भ में यह आवश्यक हो गया है कि अगर गीता के अनुसार जीवन जिया जाये तो कुछ नये प्रश्न बनेंगे और उन्हीं के उत्तरों से गीता में भी कुछ नया जुड़ जायेगा और आज की एक नई गीता बन जायेगी।

भारतीय पाँच हजार साल बाद भी गीता को नहीं समझ पा रहे हैं। वे अभी भी गीता को साम्प्रदायिक दृष्टि से देख रहे हैं। जो थोड़ा-बहुत समझे हैं, वे उसके अनुसार जी नहीं रहे हैं। गीता को समझने व जानने के बाद, कुछ और समझने-जानने को बाकी रह ही नहीं जाता है। गीता तो सही जीवन जीने का श्रेष्ठ दर्शन है।

2(b) Translate the following passage into English (20 marks)

आज संसार में दुःख ही दुःख है। विश्वास-रूपी लहरें संसार के किनारे से वापस चली गई हैं और अपने पीछे सन्देह-रूपी पत्थर छोड़ गई हैं। धर्म का लोगों पर नियंत्रण नहीं रहा है। लोगों के मनों में धर्म तथा भगवान पर सन्देह ही सन्देह रह गया है।

इस संसार में लोग उन सिपाहियों की भांति हैं जो कि अंधेरे में एक ऐसा युद्ध लड़ रहे हैं जिसमें उन्हें लड़ाई का कारण तक भी पता नहीं। अंधकार से भरे इस संसार में उन्हें यह भी पता नहीं कि कौन उनका मित्र है और कौन उनका शत्रु। यह संसार देखने में अति सुन्दर, सपनों का संसार प्रतीत होता है परन्तु वास्तव में यहाँ पर न सुख है, न शांति, न आशा, न विश्वास। संसार अंधकार से घिरे मैदान की भांति हो गया है।